## एक नजर में

### राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**राजगढ़ 02 अप्रैल, का.** संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश 01 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 के मध्यल आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2026 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है. अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रूपये राशि रजत पदक विजेता खिलाडी को 8 हजार रूपये राशि एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को राशि 6 हजार रूपये खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है. वर्ष 2025 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 मई, 2026 तक स्वीकार किए जा सकेंगे. खेलवृत्ति हेतु आवेदन पत्र कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग राजगढ़ (पुराना पुलिस अधीक्षक कार्यालय) से कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है. 31 मई के पश्चात् प्राप्त आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा. संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी शर्मिला डॉबर ने बताया कि खेलवृत्ति हेतु निर्धारित दिशा-निर्देश व नियमावली विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं, अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग राजगढ (पुराना पुलिस अधीक्षक कार्यालय) से कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकते है.

### स्थापना दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम

**ब्यावरा 09 अप्रैल, का.** राष्ट्रीय छात्र संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर आज पीजी कॉलेज, ब्यावरा में समस्त हस्ड्ढ विधानसभा ब्यावरा द्वारा एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई. कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी जी के योगदान, उनके मजबूत नेतृत्व और देश के प्रति उनके समर्पण को स्मरण किया. इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए. अंत में सभी ने संकल्प लिया कि संगठन को और मजबूत करते हुए छात्र शक्ति को आगे बढ़ाया जाएगा.

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया

**खिलचीपुर 09 अप्रैल, सं.** प्रवेश उत्सव के अंतर्गत 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम आयोजित, विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र. खिलचीपुर क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरा कला में प्रवेश उत्सव के चतुर्थ दिवस के अवसर पर भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया. कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक कॉलेज राजगढ़ के प्राचार्य राजू जैतवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, समय प्रबंधन और स्पष्ट लक्ष्य अत्यंत आवश्यक हैं. इस अवसर पर विद्यालय के संस्था प्राचार्य राधेश्याम चौहान ने एक प्रेरक दृष्टांत सुनाया. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अतिथियों से करियर से जुड़े विभिन्न प्रश्न भी पूछे, जिनका विस्तार से समाधान किया गया. इससे छात्रों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ. कार्यक्रम का संचालन अक्षय श्रीवास्तव ने किया, आभार रामप्रसाद लववंशी ने किया.

### स्टॉप डैम में जल संरक्षण, घाट समतलीकरण व सफाई से बढ़ी गंगा स्नान की व्यवस्था

**राजगढ़ 09 अप्रैल, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर परिषद खिलचीपुर द्वारा गाड़ गंगा नदी पर स्थित स्टॉप डैम में पानी का सफलतापूर्वक संचयन किया गया. इसके साथ ही नदी घाटों का समतलीकरण एवं व्यापक स्तर पर सफाई कार्य भी किया गया, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता और सुव्यवस्थित स्नान की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सकी. साथ ही नगर परिषद द्वारा किए गए इन प्रयासों का सकारात्मक परिणाम चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर देखने को मिला, जब खिलचीपुर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गाड़ गंगा नदी पर पहुंचे और आस्था के साथ गंगा स्नान किया. साफ-सुथरे घाट एवं पर्याप्त जल उपलब्धता के कारण श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा. इसी के साथ स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा देते हैं, बल्कि धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों को भी सुगम बनाते हैं. नगर परिषद द्वारा आगे भी जल संरक्षण एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यों को निरंतर जारी रखने की बात कही गई है.



# खरीदी के लिए तारीख पर तारीख दे रही सरकार

## किसानों की समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन, जिले भर के इंकाजन पहुंचे

**धरना प्रदर्शन में जिले भर से शामिल हुए कांग्रेसजन, मानव श्रृंखला बनाई**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़/ब्यावरा 09 अप्रैल, का. किसानों को आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया. जिसमें जिले भर से इंकाई शामिल हुए. इंकाईयों ने जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग करते हुए सरकार को घेरा. मानव श्रृंखला बनाकर ज्ञापन सौंपा गया. वक्ताओं ने कहा कि समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए सरकार तारीख पर तारीख दे रही है, मजबूरी में किसानों को कम कीमत पर फसल बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है. किसानों के साथ हो रहा अन्याय अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. यह लड़ाई किसानों के हक, सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा की लड़ाई है.**




जिला इंकाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह की उपस्थिति में राजगढ़ स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित धरना प्रदर्शन में जिले भर से कांग्रेस पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए. नारेबाजी करते हुए किसानों को आ रही समस्याओं को जल्द दूर करने की मांग की गई. वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से किसानों के साथ मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी हर संघर्ष में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है.

### मानव श्रृंखला बनाकर सौंपा ज्ञापन

न्यू बस स्टेण्ड स्थित बिरसा मुंडा चौराहा पर मानव श्रृंखला बनाकर ज्ञापन सौंपा गया. धरना प्रदर्शन के दौरान सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि एक और लोकसभा में घोषणा कर रहे है कि कृषि लाभ का धंधा बन गया है किंतु प्रदेश की स्थिति यह है कि सरकार उचित मूल्य पर किसान की उपज खरीदने में केवल तारीख दे रही है. छोटा किसान अधिक समय तक प्रतीक्षा नहीं कर सकते. बाध्य होकर किसान कम कीमत पर फसल बेचने को मजबूर है. खरीदी के लिए स्लॉट बुक नहीं हो रहे है. साथ ही एमएसपी पर गेहूं खरीदी में देरी होने, किसानों को ब्याज मुक्त ऋण दिया जाए, खरीदी केन्द्रों की संख्या बढ़ाने, समय पर भुगतान किया जाए, विद्युत मंडल की वसूली बंद हो, किसानों पर जुर्माना एवं एफआईआर रद्द हो, पराली निस्तारण के आधुनिक विकल्प किसानों को उपलब्ध कराए जाये आदि मांगे शामिल है. धरना प्रदर्शन के दौरान पार्टी के पूर्व विधायकगण, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

### किसानों के साथ किया छलावा

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला इंकाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने प्रदेश एवं केन्द्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा ने किसानों के साथ छलावा, कपट किया है. वादा करने के बाद भी कम दाम पर गेहूं का समर्थन मूल्य तय किया गया. जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है, गहरी हो चुकी भ्रष्टाचार की जड़ो को उखाड़ फेंकना है.



# पात्रता परीक्षा की बाध्यता समाप्त करने ऐतिहासिक प्रदर्शन

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के द्वारा आयोजित प्रदर्शन में जिले भर से पहुंचे अध्यापक




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 09 अप्रैल, का. अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आव्हान पर राजगढ़ में शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध एवं नियुक्ति से वरिष्ठता को लेकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया गया जिसमें जिले भर से अध्यापक शामिल हुए.**

जिले के हजारों शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा की बाध्यता समाप्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता को लेकर जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन करते हुए आक्रोश रैली निकालकर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा.

जानकारी के अनुसार संयुक्त मोर्चा के प्रथम चरण में 8 अप्रैल को जिला स्तर पर कार्यक्रम हुआ. 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम रहेगा और 18 अप्रैल को भोपाल में विशाल कार्यक्रम मांगो को लेकर होगा. मोर्चा की मांग हे कि 25 से 35 वर्ष की सेवा उपरांत सर्वोच्य न्यायालय के निर्णय पर शासन पुनर्विचार याचिका दायर कर शिक्षकों के हितों में निर्णय ले और नियुक्ति से वरिष्ठता प्रदान करे.

इस अवसर पर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा सदस्य सुरेश दांगी, प्रदेश प्रतिनिधि रामचरण वर्मा, भगवान सिंह राणावत, चंदर सिंह तोमर, हेमराज शर्मा, रमेश चंद्र मालवीय, बलवंत सोंधिया, राजेंद्र सिंह खिंची, भरत गोयल, पुखराज सिंह राठौर, शिवराजसिंह भदौरिया, कमल सिंह चौहान, रामबाबू भिलाला सहित बड़ी संख्या में जिले भर से अध्यापक उपस्थित रहे.

### पीएम केयर्स योजना के बच्चों से कलेक्टर का संवाद


**राजगढ़ 09 अप्रैल, का.** पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के अंतर्गत लाभान्वित बच्चों से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा त्रैमासिक भेट एवं संवाद किया गया. इस अवसर पर बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए एवं योजना से प्राप्त लाभों के बारे में अवगत कराया. जिला राजगढ़ अंतर्गत कुल 7 बच्चों को उक्त योजना से लाभान्वित किया जा रहा है.

पी.एम. केयर योजना अंतर्गत ऐसे बच्चे आते है जिन्होने कोविड-19 महामारी के दौरान अपने माता-पिता को खो दिया है. उक्त योजना में बच्चों को कक्षा 1 से 12वी तक 20 हजार रूपये प्रतिवर्ष दिये जाते है एवं 4 हजार रूपये प्रतिमाह 18 वर्ष तक एवं 23 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 10 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी जाती है.

## अपना जीवन सेवा, समाज कल्याण में समर्पित किया

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 अप्रैल, का.** स्थानीय शहीद कॉलोनी स्थित सेवाकेंद्र पर ब्रह्माकुमारीज संस्था की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी डॉ. दादी रतन मोहिनी का प्रथम स्मृति दिवस मनाया गया. सेवाकेंद्र पर प्रातः काल विशेष योग हुई. जिसमें दादी जी के त्याग और तपस्यामय जीवन को याद किया गया. सेवाकेंद्र कि संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी एवं ज्योति दीदी ने दादी जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. कहा कि वह मात्र 12 वर्ष की आयु में संस्थान से जुड़ी और अपना पूरा जीवन आध्यात्मिक सेवा और समाज कल्याण के लिए समर्पित कर दिया. दादी जी अपनी सादगी, मीठी वाणी, स्पष्ट विचार, सेवाभाव के लिए जानी जाती थी. इस अवसर पर विशेष श्रद्धांजलि सभा एवं भोग (प्रसाद) का कार्यक्रम आयोजित किया. जिसमें उपस्थितजनों ने दादी जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया.



### खण्ड स्तरीय समिति की बैठक 13 को

**राजगढ़ 09 अप्रैल, का.** परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग खिलचीपुर द्वारा बताया गया कि परियोजना खिलचीपुर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त 04 पदों हेतु 25 आवेदन एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त 23 पदों हेतु 144 आवेदन एम.पी. ऑनलाईन के चयन पोर्टल पर प्राप्त हुए हैं.




## यूनिक स्कूल पचोर को मिली आईसीएसई मान्यता

नवभारत न्यूज

**पचोर 09 अप्रैल, सं.** यूनिक स्कूल ऑफ मॉडर्न एजुकेशन संस्था के प्रबंधक अरुण मित्तल ने विद्यालय की 10 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था ने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं. हाल ही में संस्था को आईसीएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त हो चुकी है. पचोर शहर की पहली और एकमात्र आईसीएससी बोर्ड मान्यता प्राप्त संस्था है. मुख्य अतिथि सुमित सूरी ने विद्यालय परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यूनिक स्कूल ने क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर एक नई पहचान बनाई है. उन्होंने अपने वक्तव्य में अभिभावकों से अनुरोध किया की वो अपने बच्चो का साथ कभी न छोड़ उन्हें आवश्यकता होने पर समझे उनका होंसला बढ़ाएं. कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष विकास करोडिया ने की. उन्होंने ने संस्था की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सराहना की. पूर्व मंत्री हनुमान प्रसाद गर्ग ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा व्यवस्था आज पचोर जैसे छोटे कसबे में यूनिक स्कूल ने की है. ब्रजभूषण मंगल ने यूनिक स्कूल के प्रयासों को सराहा. संस्था की संस्थापक पूनम मित्तल, अध्यक्ष अरुण मित्तल डायरेक्टर पूजा मित्तल उपस्थित रहे. कार्यक्रम का सञ्चालन संस्था प्रभारी देवेन्द्र पंवार ने किया और आभार को ऑर्डिनेटर रविन्द्र सिंह ने माना.


### नपा ने लगाई सार्वजनिक प्याऊ

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 09 अप्रैल, का.** गर्मी के मौसम को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में आधा दर्जन स्थानों पर सार्वजनिक प्याऊ लगाई गई है, ताकि गर्मी में राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध हो सके. नपा कार्यालय परिसर के बाहर सहित अन्य स्थानों पर नपा द्वारा प्याऊ लगाईहै. हालांकि तेज हवाओं के बीच विगत दिवस हुई बारिश से मौसम में काफी नमी बनी हुई है. जिसके चलते गर्मी का प्रकोप कम ही है. आने वाले दिनों में गर्मी का प्रकोप बढने पर ठंडा पानी उपलब्ध कराने वाली प्याऊ काफी सार्थक सिद्ध होगी. नपा के अनुसार नगर पालिका कार्यालय, नवीन एवं पुराना तहसील परिसर, पीपल चौराहा, बस स्टेण्ड परिसर, श्रीराधाकृष्ण मंदिर राजगढ़ रोड सहित अन्य स्थानों पर प्याऊ का संचालन शुरु किया गया है.




## खेड़ापति धाम पर सुंदरकाण्ड पाठ में झूमे श्रद्धालु

**नवभारत न्यूज, पड़ाना 09 अप्रैल, सं.** प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में खेड़ापति मित्र मंडल द्वारा बुधवार रात दीपक सिसोदिया टीम सदस्यों ने सरस संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया. इस दौरान सुंदरकांड पाठ में श्रृंगार पूरा बालाजी आश्रम अकोदिया श्यामदास त्यागी महाराज, क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर, शुजालपुर पूर्व विधायक जसवंत सिंह हाडा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष खान सिंह यादव, अकोदिया नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शर्मा, पचोर नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया, सारंगपुर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, पीएस मंडलोई, डॉक्टर मोहनलाल शर्मा, विक्रम सिंह परमार, शेखर शर्मा सहित सिंगाजी मित्र मंडल समिति सदस्य व सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए. इस दौरान सांसद रोडमल नागर ने 300 वर्ष पुराना खेड़ापति हनुमान मंदिर की महत्ता के बारे में बताया. इस मौके पर मंदिर पुजारी सहित मनोज शर्मा अमित विश्वकर्मा सुरेश मेवाड़ा राजेश शर्मा मुकेश व्यास राहुल विश्वकर्मा राजेंद्र मेवाडा विशाल शर्मा सचिन शर्मा ओमप्रकाश मेवाडा नरेंद्र जायसवाल सचिन जैन अशोक राठौड़ माखन विजयवर्गीय प्रेम परमार दुर्गेश सोमानी शिवचरण परमार मोहन परमार राजेश भंडारी जगदीश दरबार परमार राधेश्याम शर्मा लक्ष्मी नारायण परमार सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे.



**कार्यवाही** ▶ खिलचीपुर के दशहरा मैदान का मौका मुआयना करने पहुंची प्रशासन की टीम

# रातोरात हुई फेंसिंग हटवाने पहुंचा प्रशासन, दिया अल्टीमेटम

**मामला दशहरा मैदान का, जेसीबी से हटाया जाएगा अतिक्रमण**

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 09 अप्रेल, सं. नगर के दशहरा मैदान पर की गई तार फेंसिंग के मामले में प्रशासन की टीम ने कार्यवाही करते हुए निरीक्षण किया और फेंसिंग करने वालों को हिदायत दी है. वहीं मामले में जेसीबी से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है.**

दशहरा मैदान पर गुरुवार सुबह प्रशासन की टीम पहुंची. इनमें तहसीलदार अनिल शर्मा, आरआई टी.एल. अंतल और पटवारी जीतमल दांगी ने मौका मुआयना कि और मैदान पर लगाए गए तार फेंसिंग और पोल को हटाने के निर्देश दिए. अधिकारियों ने फेंसिंग करने वालों को कहा कि खंभे और तार नहीं हटाए गए तो प्रशासन जेसीबी से कार्रवाई करेगा. साथ ही स्पष्ट किया कि इस जमीन पर किसी भी प्रकार का नया निर्माण नहीं होने दिया जाएगा. दरअसल, दो दिन पहले इस जमीन पर रातों-रात कुछ लोगो ने सीमेंट के खंभे गाड़कर तार फेंसिंग कर दी गई थी. जानकारी मिलने के बाद प्रशासन ने मौके पर टीम भेजकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था. इसके बावजूद बुधवार रात को उसी जमीन के आसपास और अधिक जगह पर खंभे गाड़कर तार फेंसिंग बढ़ा दी गई.



**दशहरा मैदान के पास स्थित है जमीन**

स्थानीय लोगों के अनुसार यह जमीन दशहरा मैदान के पास स्थित है, जहां दशहरा पर्व के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले लोग अपने वाहनों की पार्किंग करते हैं. अचानक हुई फेंसिंग और उसके बाद रात में बढ़ाई गई घेराबंदी से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है. जानकारी के अनुसार खिलचीपुर बायपास बनने के बाद पहाड़ी और पथरीली सपाट भूमि वाला सर्वे नंबर 1127 हाइवे किनारे आ गया.

आरोप है कि बटांकन में बची सर्वे नंबर 1127/4 की करीब 1100 हेक्टेयर भूमि को लेकर करकरा गांव की पट्टे की जमीन खरीदकर उसे तरमीम के जरिए यहां स्थानांतरित करने की प्रक्रिया की गई. यह मामला वर्ष 2016 के बाद से चर्चा में बताया जा रहा है.

### नियमों का उल्लंघन करने पर 25 हजार जुर्माना वसूला

**राजगढ़ 09 अप्रैल, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा निर्देशन में विकासखंड ब्यावरा में इन्टर नेशनल पब्लिक स्कूल एवं स्वामी विवेकानंद की बसों की चैंकिंग की गई. साथ ही चैकिंग के दौरान जो बसें सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन का पालन नहीं करते हुए पाई गई, उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई. साथ ही इस चालानी कार्यवाही में 25 हजार रूपये का राजस्व वसूला गया. इन्टर नेशनल पब्लिक स्कूल की एक वाहन में सीटें परिवर्तित पायी गई, जिसे थाना ब्यावरा में जप्त कर सुरक्षार्थ रखा गया. इस कार्यवाही में जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य के साथ उप निरीक्षक श्रीमती शिवानी मुकाती, आरक्षक आरपी हिनोतिया उपस्थित रहे. जिला परिवहन अधिकारी द्वारा यह भी हिदायत दी गई की भविष्य में इस प्रकार की चैकिंग जारी रहेगी. सभी स्कूल प्रबंधक वाहनों के दस्तावेज दुरुस्त रखें.

## पंचायतों में करोड़ों के विकास कार्यों की नींव रखी



नवभारत न्यूज

**तलेन 09 अप्रैल, सं.** ग्राम चोमा स्थित श्री गोराजी महाराज परिसर मे चोमा ग्राम पंचायत, रलायती ग्राम पंचायत, गिंदोली ग्राम पंचायत और भीलखेड़ा ग्राम पंचायतों में होने वाले करोड़ों रूपये के लागत से शुरू होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा द्वारा किया गया. जिसमे नवीन पंचायत भवन निर्माण होना, चेक डेम, टिन शिड, सीसी रोड़ सहित संयुक्त स्थान श्री गोराजी महाराज परिसर पर भूमि पूजन सम्पन्न हुआ. क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने कार्यकर्ताओ को बताया की भाजपा सरकार द्वारा जनहित के कई कार्य योजनाएँ धरातल पर चलाई जा रही है. क्षेत्रीय विधायक का चोमा जोड़ पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया. स्वागत के लिए कार्यकर्ताओ द्वारा जेसीबी के ऊपर चढ़कर पुष्प वर्षा की गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता चोमा ग्राम के पटेल गोरिलाल रुहेला ने की.

अन्य अतिथियों मे भाजपा जिलामंत्री सत्येंद्र सिंह बना, जिला मंत्री प्रतिनिधि कैलाश वैष्णव, तलेन मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, कैलाश सोनी, देवी सिंह रुहेला, शिव प्रसाद शर्मा, कैलाश यादव, पूर्व नपं अध्यक्ष चंद्र सिंह यादव, हरि सिंह केसवाल, पत्रकार अवध नारायण उपाध्याय, सुनील सहगल, मनोहर रुहेला, जगदीश लववंशी, महेश खत्री, मोहन रुहेला, सत्यनारायण रुहेला, नपा उपाध्यक्ष विनोद यादव, महेश यादव, आजाद बंशकार, मंडल महामंत्री मानसिंह यादव, फौजी सरकार, पवन यादव, रामबाबू, सरपंच विजेंद्र सिंह भाटी, मोहनलाल रुहेला, सहित कार्यकर्ता व ग्रामीणजन शामिल रहे.